
# दामोदर रावत

**मंत्री**
भवन निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।



## दो शब्द

बिहार में विगत छः वर्षो से, इसके स्वर्णिम अतीत, मूल्यवान परम्परा एवं सुसंस्कृति की टूटी हुई श्रृंखलाओं को जोड़ने का पुनर्जागरण-अभियान चल रहा है, जिसका अनुगमन करता हुआ आधारभूत संरचना का निर्माण कार्य भी प्रगति की ओर अग्रसर हुआ है।

"भौतिक संरचना के सतत् विकास में ही निर्माण का जयघोष प्रतिध्वनित होता है" इस सूत्र वाक्या को भवन-निर्माण विभाग ने अपना आदर्श सुनिश्चित किया है।

हाल के वर्षों में बिहार ने विकास के मोर्चे पर अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन को लेकर पूरे देश-विदेश को अपनी ओर आकर्षित किया है। अपने एजेंडा की पूर्त्ति के लिए राज्य सरकार ने अपने सीमित संसाधनो का विवेकपूर्ण उपयोग ही नहीं किया है, बल्कि प्रशासन तंत्र को संस्थागत सुधारों का आरम्भ करते हुये विकास में गति प्रदान की है। भवन निर्माण विभाग के कार्य कलाप में काफी परिवर्तन हुए हैं। राज्य योजना के प्रशासनिक भवन प्रक्षेत्र के अन्तर्गत होनेवाले उद्व्यय की बजट संचालन एवं प्रशासकीय भवनों का निर्माण इस विभाग द्वारा किया जाता है। इस प्रक्षेत्र के अन्तर्गत सभी प्रकार के प्रशासनिक भवन तथा सरकारी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के आवासीय भवन निर्माण कार्य आते है। उपलब्ध संसाधनों के अन्तर्गत राजधानी पटना में राजपत्रित एवं अराजपत्रित कर्मियों को आवासीय सुविधा उपलब्ध करायी जाती है।

विगत वर्षों में निर्माण संबंधी कई अन्य चुनौतियों को स्वीकारते हुये कई लम्बित कार्यों को समय सीमा के अन्दर पूर्ण करने का प्रयास किया गया है, जिसमें प्रेमचन्द्र रंगशाला का जीर्णोद्धार एवं पाटलिपुत्रा खेल परिसर कंकड़बाग का निर्माण कार्य । इसके अलावे कई महत्वपूर्ण योजनाओं के निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है।

भवन निर्माण विभाग के योजना आकार मे हमने वृद्धि प्राप्त किया है। वर्ष 2011-12 के लिये वार्षिक योजना 6748.30 लाख रूपये स्वीकृत है तथा वर्ष 2012-13 का वार्षिक योजना उदव्यय 8217.66 लाख निर्धारित सभी कार्यो को पूरा करने में विभाग के पदाधिकारीगण का महत्वपूर्ण योगदान है। इस विभाग के प्रधान सचिव, उपसचिव, अभियंता प्रमुख, मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, वास्तुविद, तकनीकी सलाहकारों एवं जिले में तैनात कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, वास्तुविद, तकनीकी सलाहकारों एवं जिले में तैनात कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता तथा कनीय अभियंता के समूह सतत सचेष्ट है। विश्वास है कि आने वाले वर्षो में भी भवन निर्माण विभाग कार्य की गुणवत्ता को उत्कृष्ट रूप देते हुये निर्धारित अवधि के अन्दर कार्य निष्पादन करने में विभाग के सभी लोग प्रयासरत रहेंगें।

(दामोदर रावत)






1ST WOMEN WORLD CUP
KABADDI



प्रेमचन्द रंगशाला, पटना






पॉलिटेक्निक, कटिहार


जे0एल0एन0एम0सी0एच0



DSTRICT JAIL KAKO, JEHANABAD

